## 24 घंटे में दो हत्यारोपी गिरफ्तार

### पूर्व टीआई ने दी थी सुपारी

**नरसिंहपुर देशबन्धु।** दिनांक 11.6.20.25 सूचनाकर्ता अमोल सिह मेहरा पिता नन्हे लाल मेहरा उम्र 65 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड करेली ने थाना में सूचना दी थी कि इसकी जमीन ग्राम खिरिया में है जहाँ कृषि उत्पाद रखने हेतु एक घर बनाया हुआ है जिसके सामने एक अज्ञात व्यक्ति पडा है एवं खून से लथपथ है। सूचना पर थाना करेली में अपराध क्रमांक 519/25 धारा 103 (1), 238 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

मामले में पुलिस टीम द्वारा सूझबूझ के साथ पतासाजी की गयी जिस पर ग्राम खमरिया का बसंत वंशकार जो कि थाना स्टेशनगंज का निगरानी बदमाश है की भूमिका संदिग्ध पायी जाने से अभिरक्षा में लेकर विस्तृत पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया एवं मृतक नारायण काछी की हत्या लोहे की रॉड से मारकर करना बताया एवं उक्त हत्या नरसिंहपुर जिले में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त निरीक्षक शंकरलाल झारिया के द्वारा 40 हजार रुपये की सुपारी देकर हत्या करायी गयी थी।

शंकरलाल झारिया एवं उनके परिवार के विरूद्ध वर्ष 2024 महिला थाना नरसिंहपुर में दर्ज कराया था उक्त केश के कारण बदले की भावना इस जघन्य हत्या कांड सेवानिवृत्त निरीक्षक शंकरलाल झारिया के द्वारा बसंत वंशकार को षडयंत्रपूर्वक पैसा देकर हत्या कराना पाया गया है।

करेली पुलिस के द्वारा दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर अंधी जघन्य सनसनीखेज हत्या का खुलासा किया है। इनकी रही मुख्य भूमिका उक्त अंधी हत्या का पर्दाफाश कर आरोपियों की गिरफ्तारी में एसडीओपी मनोज

गुप्ता के मार्गदर्शन में निरीक्षक प्रियंका केवट, उनि विजय धुर्वे, उनि रोहित पटेल, सउनि शिशुपाल चौधरी, प्र. आरक्षक अनुराग पटेल, राजेन्द्र पटेल, आरक्षक् सुदीप ठाकुर, सुदीप बागरी, राजेश बागरी, अभिषेक पटेल एवं सायवर सेल से प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, म.आर. कुमद पाठक, एवं आरक्षक हेमन्त बाडिवाकी मुख्य भूमिका रही है।

## रक्तदान कर कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में की मदद

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ रक्त और रक्तदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर काया योग एंड जूम्बा फिटनेस सेंटर की संचालिकाओं सुश्री इंदु सिंह एवं नमिता जनोरिया ने काया जनकल्याण समिति सक्रिय सदस्यों के सहयोग से डॉ राजश्री पटेल के मार्गदर्शन में मातृशक्तियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें जिला अस्पताल से वातानुकूलित सर्वसुविधायुक्त बीटीसी वैन सहित प्रशिक्षित स्टाफ डॉ अंजली दुबे, लैब टेक्नीशियन स्वप्निल चौरसिया, अटेंडेंट विष्णु वाल्मीक, वैन ड्राइवर शेख शाहरुख प्रदान किया गया जिनका इस शिविर में उल्लेखनीय योगदान रहा। जिन्होंने रक्तदान करने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की पूर्णतया जांच करने के बाद ही इस प्रक्रिया को क्रियान्वित किया।




**मनाया विश्व रक्तदान दिवस शिविर में काया जनकल्याण समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान**

इस रक्तदान शिविर में भय और भ्रम से मुक्त होकर सुश्री इंदु सिंह, नमिता जनोरिया, पूनम धुर्वे, उर्वशी पाठक, चंचल श्रीवास्तव, मीना शर्मा, आरती सिंह, मंजू नामदेव, अंकिता जुनेजा और डॉ राजश्री पटेल ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। इस शिविर में काया परिवार की मातृशक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रक्तदान कर कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने में मदद की। रक्तदान करने वाली समस्त मातृशक्तियों को काया की तरफ से सेव फल, जामुन, अनार जूस, नाश्ता, बिस्किट्स, गुड़-मूंगफली चिक्की, गुड़-चना, ग्लूकोज आदि उपलब्ध करवाया गया और रक्तदान के पश्चात अपनी सेहत का ध्यान रखने सम्बन्धी हिदायतें भी दी गई। रक्तदान शिविर का आयोजन विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर किया गया था, जो रक्तदान के महत्व और इसकी आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

### सार-समाचार

## 16 को कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सोमवार 16 जून को प्रात: 10 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय के जनसुनवाई हॉल में किया जायेगा। उक्त शिविर में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, नान अल्कोहालिक फैटी लीवर डिजीज की जांच की जायेगी।

## महाविद्यालय में प्रवेश के प्रथम चरण की आवंटन सूची जारी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रथम चरण की प्रवेश सूची जारी कर दी है, उक्ताश्य की जानकारी देते प्राचार्य डा. पी. एस. कौरव ने बतलाया कि प्रवेश सूची में स्थान प्राप्त छात्र आनलाईन माध्यम से प्रवेश शुल्क 18 जून तक कर सकते हैं, प्रवेश प्रभारी प्रो. एन. पी वर्मा ने बतलाया कि जिन छात्रों का नाम मेरिट में सम्मिलित है, परंतु किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे छात्र द्वितीय चरण के लिए महाविद्यालय की पसंद (चॉइस) में परिवर्तन कर सकेंगे। यदि छात्र का नाम मेरिट में सम्मिलित नहीं है, और आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है, तो छात्र अगले चरण में सहायता केंद्र (हेल्प सेंटर) पर जाकर आवश्यक परिवर्तन करवा सकते हैं। यदि अगले चरण में शामिल होने के लिए आवेदन-पत्र में कोई सुधार करना हो, तो सहायता केंद्र हेल्प सेंटर पर आकर आवश्यक परिवर्तन करवा सकते हैं। यदि छात्र को महाविद्यालय पसंद कॉलेज चॉइस में प्रथम क्रमांक के महाविद्यालय में आवंटन प्राप्त हुआ है, और वह उस महाविद्यालय में शुल्क जमा करता हैं या नहीं करता है दोनों ही स्थितियों में आप अगली प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। यदि छात्र किसी भी महाविद्यालय में आवंटन प्राप्त हुआ है और उस महाविद्यालय की शुल्क जमा कर देता है तब छात्र प्रवेश प्रावधिक रुप से पूर्ण माना जायेगा। यदि छात्र को वर्तमान में किसी महाविद्यालय में आवंटित मिला है और वह उसे पुष्टि (कन्फर्म) नहीं करते हैं, तो उसके समस्त विकल्प (कॉलेज चॉइस) निरस्त हो जायेंगे। और अगले चरण में भाग नहीं ले सकेंगे। यदि छात्र को प्रथम चॉइस में अतिरिक्त चॉइस का महाविद्यालय का आवंटन हो गया है और वह उसमें प्रवेश नहीं लेना चाहते हैं तो उसे अगले चरण में शामिल होने के लिए ऊपर की चॉइस के लिए सीट आवंटन छोड़ता हूँ उस बटन पर क्लिक करना पड़ेगा। एईडीपी कोर्स प्रभारी डा. सुनील शर्मा ने बतलाया कि बी काम इन रिटेल आपरेशन में प्रवेश की प्रथम आवंटन सूची भी जारी हो गई है। प्रवेश एवं फीस जमा करने में सहायता के लिए हेल्पडेस्क प्रभारी डा. अर्चना शर्मा, डा. अरुणिमा नामदेव एवं डा. सतीश अग्निहोत्री से संपर्क कर सकते हैं।

## बिजली चोरी करने वालों ने किया विद्युत विभाग की टीम पर हमला

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला मुख्यालय में विद्युत चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। विद्युत चोर सरेआम सीधी लाइन से कटिया फंसा कर विद्युत की चोरी कर रहे हैं तथा उन्हें रोकने पर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर हमला भी कर देते हैं इसी प्रकार का मामला प्रकाश में आया है कोतवाली चौराहे पर रहने वाले सोहेल खान तथा शोएब खान द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी जिसकी जानकारी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को लगी तो कर्मचारियों ने जाकर उनकी विद्युत चोरी रोकने के लिए खंभे से तार अलग कर दिए जिसको लेकर शोएब खान तथा सोहेल खान पिता जम्मू खान के द्वारा सरेआम मारपीट की गई जिसमें कर्मचारी भारत गुप्ता शिवराज यादव घायल हो गए। उनके द्वारा सूचना देने पर कनिष्ठ यंत्री राहुल बिरला भी संबंधित स्थान पर पहुंच गए उनके साथ भी संबंधित द्वारा आव्हार्द्रता की गई ।विद्युत कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज कराया।

## उल्लास नव भारत साक्षरता जिलास्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा जारी आदेश के परिपालन एवम् कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन एवं मुख्य कर्यपालन अधिकारी जिपं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण (कार्यकारी समिति) जिला शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में साक्षरता दर बढ़ाने के लिए 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क, जो औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने की उम्र पार कर चुके हैं, उनकी निरक्षरता उन्मूलन के लिए उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके सफल संचालन हेत जनपद शिक्षा केंद्र नरसिहपु में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।

जिसमें विकास खण्ड सह समन्वयको द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से साक्षरता पर प्रशिक्षण दिया गया। जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विकासखण्ड स्तर, संकुल स्तरीय प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर आयोजन करने एवं प्रशिक्षण हेतु विकासखण्ड स्तर पर प्रोजेक्टर की व्यवस्था




हेतु समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक को निर्देश दिए ।जिला सह समन्वयक अखलेश राजोरिया द्वारा साक्षरता का परिचय दिया गया । तत्पश्चात विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव द्वारा साक्षरता मे किये गये नवाचार के विषय मे अपने अनुभव साझा किए। उल्लास नव भारत साक्षरता के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण 14 से 16 जूनके मध्य, विकासखण्ड स्तर पर आयोजित संकुल स्तरीय 17 से 18 जून के मध्य एवं ग्राम/ वार्ड स्तरीय प्रशिक्षण 19 से 20 जून को एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे।

## बाल संस्कार शिविर आयोजित

### भाविप विवेकानंद शाखा का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आधुनिक युग और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव में हम अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहते हुए सुसंस्कारित शिक्षा एवम् सेवाभाव को दृष्टिगत रखते हुए भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा नरसिंहपुर द्वारा 5 दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 49 बच्चों ने सहभागिता की।

परिषद् के महिला सहभागिता प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित उपरोक्त शिविर में बच्चों को प्रतिदिन योग क्रियाएं, संगीत (गायन, वादन, नृत्य), धर्म व संस्कृति से संबंधित एवम् सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, पोषण आहार, इंडोर गेम्स सहित व्यक्तित्व विकास से जुड़े अनेक विषयों से अवगत कराया गया। साथ ही शिविर के समापन अवसर पर परिषद् परिवार के मेधावी छात्रों दाक्षी नेमा,



संस्कार सक्सेना, काव्या नेमा, ओम श्रीवास्तव कक्षा 8वीं, वैष्णवी पटेल, अवनि गुप्ता, प्रीत नेमा कक्षा 10वीं एवम् सुमेधा वर्मा, अदिति नेमा, आदि नेमा, अंजलि नेमा, श्रेयांस सोनी कक्षा 12वीं को परिषद् परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर मेधावी छात्र अलंकरण से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में रीजनल महिला बाल विकास प्रमुख भारती कौरव, प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांत उपाध्यक्ष व संस्कार प्रभारी आशुतोष वर्मा, विवेकानंद शाखा के संरक्षक बलवंत सिंह लांबा, डॉ हंसराज सिंह, योगाचार्य देवेन्द्र पटेल एवम् देवेन्द्र पाठक का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिव आशीष नेमा एवम् बाल संस्कार प्रभारी रिद्धि श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में एस के नेमा अध्यक्ष, डॉ ब्रजेश पटेल कोषाध्यक्ष, कमलकांत शर्मा, डॉ विवेक सक्सेना, ब्रजेश नेमा, विनीत अग्रवाल, उमंग नेमा मनोज राजपूत, एवम् मातृशक्तियों में प्रीति तिवारी, सुनीता राजपूत, किरण नेमा, रागनी अग्रवाल, विभा सोनी, राजेश्वरी नेमा, मंजू पटेल, रजनी चौरसिया, श्रीमती सुनीता शर्मा, रश्मि नेमा, रीना नेमा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

## राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में रोहन, प्रियांशु, सुमित का चयन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2025 कन्याकुमारी हेतु चयनित छात्र शासकीय नेहरू स्कूल नरसिंहपुर के रोहन प्रजापति कक्षा 10 वीं, प्रियांशु चोपड़ा कक्षा 9 वी एवं सुमित लोधी कक्षा 8 वी को नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन से अमरकंटक एक्सप्रेस से उनके कोच जिला योग प्रभारी देवेन्द्र कुमार ढ़िमोले के साथ एस. के. चतुर्वेदी



अध्यक्ष जिला योग समिति नरसिंहपुर एवं योग प्रशिक्षक दीपक कुमार चौबे ने शुभकामनाएं एवं बधाई देकर रवाना किया। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय ओलंपियाड हेतु पूरे मध्य प्रदेश से 8 छात्र चयनित हुए हैं, जिनमें 3 छात्र नेहरू स्कूल नरसिंहपुर के हैं। जिनके देवेन्द्र कुमार ढ़िमोले कोच हैं। हमें कोच एवं चयनित छात्रों पर गर्व है।

## अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान की अहमदाबाद में क्रेश होने की खबर सुनकर हर कोई स्तब्ध रह गया ।सारे देश में शोक की लहर छा गई ।दर्द और दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। यह अब तक का सबसे बड़ा विमान हादसा है ।इस मानवीय त्रासदी पर गायत्री योग समिति नरसिंहपुर द्वारा गहन दुख व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को शोक श्रृद्धांजलि दी गई। श्रृद्धांजलि सभा में योगाचार्य एन सी जैन जे के पटेल एम एल हरदेनिया गणेश कुमार चतुर्वेदी कविवर अशोक त्रिपाठी डा केदार गुप्ता गुरमुख माखीजा शरद साहू शिवप्रसाद साहू नीरज शर्मा सुधीर दुबे वीरेंद्र राव महेंद्र श्रीवास्तव गिरीश सक्सेना रामकुमार जाट एल डी दुबे अशोक नेमा आर के कहार धनराज साहू सुधीर जैन ने दिवंगत आत्माओं को श्रृद्धां सुमन अर्पित किये।

## प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विकासखंड स्रोत समन्वयक डी के पटैल ने नवीन सत्र में शाला संचालन, कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश की समीक्षा तथा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों की मैपिंग एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर करने के निर्देश दिए।

उनके द्वारा जाति प्रमाण पत्र संबंधित फाइल शीघ्रता से लोक सेवा केंद्र में जमा करने, निर्माण कार्य की समीक्षा, अपार आईडी निर्माण कार्य तत्परता से पूर्ण करने, 16 जून से पीएम पोषण आहार के मासिक तथा दैनिक मैसेज, खाद्यान्न उठाव, टेक्स्ट बुक वितरण ऐप पर पुस्तकों की रिसीविंग एवं विद्यार्थियों को एप पर वितरण संबंधित कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के समन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत सभी जनशिक्षा केंद्रों के सभी ग्राम बसाहटों की समीक्षा करते हुए वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों के सर्वे, सामाजिक चेतना केंद्र पर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना केंद्रों की साक्षरता पंजी के सतत अद्यतन संबंधित बात कही। एम आईएस दीपक श्रीवास्तव एवं सीएसी अनूप पालीवाल द्वारा आगामी समय में होने वाली कक्षा पहली एवं दूसरी के रिफ्रेशर ट्रेनिंग की कार्य योजना एवं उपस्थिति हेतु सार्थक ऐप से परिचित कराया।

प्रभारी एमआरसी अजय नामदेव द्वारा वर्तमान सत्र में दिव्यांग छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी यूआईडी प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी बात कही। इस बैठक में एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, अजय नामदेव, संजय सोनी, ललित पाराशर, अनूप पालीवाल, हेमंत पटेल, हरीश गुप्ता, सत्यम ताम्रकार, हरिओम स्थापक, वीरेंद्र रघुवंशी, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

## शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग की समय सारणी अनुसार सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में प्रवेश प्रक्रिया संचालित है जिसकी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से जनसामान्य को प्रसारित की गई है।



शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रथम दिवस में संस्था प्राचार्य प्रभात कुमार मिश्रा ने भोपाल से अकादमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम के सभी आयामों के बारे में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। द्वितीय दिवस प्राथमिक विभाग से महबूब अहमद अंसारी ने अपने अनुभव साझा किए तृतीय दिवस माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठक श्रीमती माधुरी गर्ग ने प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया आज चौथे दिवस यू.एच.व्ही. आंनद सभा में आशीष पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार शर्मा, दुर्गा प्रसाद धुर्वे ने मानवीय मूल्य स्थापित करने वाली मान्यताओं से रूबरू कराया पंचम दिवस इमरान खान द्वारा उमंग आधा फुल के बारे में एंव श्रीमती नीलम राय के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पूर्ण मनोयोग के साथ, गंभीरता एंव पूर्ण सहभागिता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। 16 जून से विधिवत कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हो जायेगा जिसके लिए समस्त विद्यालय परिवार पूर्ण मनोयोग से तैयार है और प्रशिक्षण में बताई गई यू.एच.व्ही., आनंदसभा, उमंग, आधा-फुल, मानसिक एंव मानसिक स्वास्थ्य को कक्षा स्तर पर लागू करने के लिए समस्त स्टॉफ ने दृढ़ संकल्पना प्रदर्शित की।

## कम दाम पर फसल बेचने को मजबूर किसान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मूंग उड़द की शासकीय खरीदी ना होने से ओने पोने दामों पर किसान मूंग बेचने पर मजबूर हैं, वहीं दूसरी और मक्का की बुवाई का समय नजदीक है, यहां खाद की मारामारी डीएपी की अनुपलब्धता परेशानी का विशेष कारण है, और जैसे तैसे यत्र तत्र यूरिया डीएपी वगैरा मिलता भी है तो उसके साथ कुछ और भी लेने के लिए मजबूर किया जाता है।

किसान कमल केवट ने बताया कि विभिन्न ब्रांड के मक्का बीजों में किसानों में जो मक्का ज्यादा चर्चित हो जाता है



सब्जियों की तरह उसके दाम स्थिर नहीं होते घटते बढ़ते रहते हैं, वहीं दूसरी ओर खाद वीज व अन्य वस्तुएं इनकी एमआरपी का मापदंड सरकार के माध्यम से होता है या उसे निर्धारित करने की छूट कंपनियों को दी गई है, ऐसा कुल मिलाकर कृषि जीवन का आधार है कृषि संबंधित चाहे कृषि यंत्र हो खाद बीज कीटनाशक इत्यादि इन सभी पर सरकार की दिव्य दृष्टि होनी चाहिए क्योंकि आजकल नकली खाद बीज कीटनाशक के चर्चे आम हैं, वास्तुत: किसान अलग-अलग राजनीतिक दलों के पिछलग्गू होने के कारण संपूर्ण रूप से संगठित नहीं हो पाते तभी तो उनकी समस्याओं का समाधान होने में समय लगता है।


**मार्केट वॉच गाडरवारा**

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ
एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा
जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए